*बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया – एकजुट, सुदृढ़, सफल* सरकार का सार्वजनिक वक्तव्य है जो बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया के प्रति उनकी वचनबद्धता को दोहराता है; और आने वाले वर्षों के लिए प्राथमिकताओं और कूटनीतिक निर्देशों, दोनों को तय करता है।

## प्रस्तावना

### ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री

ऑस्ट्रेलिया विश्व में सबसे सफल बहुसांस्कृतिक समाज है।

हम अपने सर्वप्रथम ऑस्ट्रेलियाई लोगों (आदिवासियों) जितने प्राचीन हैं, जो कि पृथ्वी पर सबसे पुरानी जारी मानवीय संस्कृति के प्रतिनिधि हैं, और जिन्होंने 50,000 से अधिक वर्षों से इस देश को संभाल कर रखा है।

और हम किसी ऐसी प्रवासी माता द्वारा अपनी बाहों में उठाए शिशु जितने नए हैं जो विश्व के किसी भी देश, किसी धर्म, किसी जाति से आई हो सकती है।

ऑस्ट्रेलिया आप्रवासियों का देश है। वर्तमान समय में हमारी लगभग आधी से ज्यादा जनसंख्या का जन्म या तो विदेश में हुआ था या उनके माता या पिता में से किसी एक का जन्म विदेश में हुआ था।

और हमारा मूल सम्बन्ध हर संस्कृति, हर जाति, हर धर्म, हर देश से है।

हम जाति, धर्म या संस्कृति से परिभाषित नहीं हैं, परन्तु हम स्वतंत्रता, लोकतन्त्र, कानून के नियम और अवसर की समानता से परिभाषित हैं – अर्थात हर किसी को समान अवसर मिलना।

जो गोंद हमें एक दूसरे से जोड़े रखता है, वह है पारस्परिक सम्मान – इस बात की गहरी पहचान कि हम में से हर कोई एक जैसे सम्मान, एक जैसी गरिमा, एक जैसे अवसरों का पात्र है।

और राष्ट्रीय सुरक्षा – हमारे देश, हमारे लोगों और हमारी मान्यताओं को सुरक्षित रखने का दृढ़ संकल्प – एक ऐसी नींव है जिसपर हमारी स्वतंत्रताओं का निर्माण हुआ है और इन्हें बनाए रखा गया है।

बढ़ते वैश्विक तनाव और बढ़ती अनिश्चितता के समय, ऑस्ट्रेलिया विविधता को अपनाते हुए सामंजस्यपूर्ण, समतावादी और उद्यमी राष्ट्र की उत्तम उदाहरण है।

हमारा वक्तव्य *बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया: एकजुट, सुदृढ, सफल* एक ऐसे बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है और इसकी पुष्टि करता है, जिसमें जातिवाद और भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है।

मैं सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को हमारे वक्तव्य *बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया: एकजुट, सुदृढ, सफल* की अनुशंसा करता हूँ।



**माननीय Malcolm Turnbull MP**

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

## सामाजिक सेवा मंत्री (Minister for Social Services) और सामाजिक सेवा एवं बहुसांस्कृतिक मामलों के सहायक मंत्री (Assistant Minister for Social Services and Multicultural Affairs) का संयुक्त संदेश

सभी ऑस्ट्रेलियाई लोग हमारे सुदृढ़ और सफल बहुसांस्कृतिक समाज पर गर्व महसूस कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की कहानी की शुरूआत बहुत पहले एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी ऑस्ट्रेलियाई लोगों के साथ हुई थी, ब्रिटिश संस्थानो की स्थापना के साथ यह आगे बढ़ी थी, और अब यह क्रम अलग-अलग राष्ट्रों से आने वाले लोगों के साथ जारी है।

हम जिस स्वतंत्रता और सुरक्षा का आनन्द लेते हैं, वह कोई संयोग नहीं है। एक के बाद एक आने वाली सरकारों ने हमारी विशिष्ट राष्ट्रीय पहचान और लोगों के एकजुट तथा एकीकृत बने रहने की महत्ता पर ज़ोर देते हुए विविधता को अपनाने वाले हमारे समाज की परिकल्पना का बीड़ा उठाया है।

ऐसे समय, जब कई लोग आतंकवाद और अतिवाद के बढ़ने से चिन्ताजनक हो गए हैं, लोकतन्त्र, अवसर, और हमारी सांझी मान्यताओं के प्रति हमारी अटल वचनबद्धता की पुन:पुष्टि करने का कोई और बेहतर समय नहीं है।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार हमारे देश की सुरक्षा और इसके लोगों की स्वतंत्रता के प्रति वचनबद्ध है। हमारे वक्तव्य *बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया: एकजुट, सुदृढ़, सफल* में, सरकार उन मान्यताओं को निर्धारित करती है जिन्होंने पूर्व में हमारी सफलता का संचालन किया है और जो हमें भविष्य में उन्नति करने में मदद करेंगी।

यह वक्तव्य इस बात को स्वीकार करता है कि सांस्कृतिक विविधता हमारी सबसे बड़ी क्षमताओं में से एक है; एक ऐसी क्षमता जो हमें एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के समर्थ बनाती है जिसमें हर कोई अपनापन महसूस करता है और जिसमें हर किसी को एक बढ़िया जीवन जीने का अवसर प्राप्त है। यह हमारे लोकतान्त्रिक संस्थानों तथा कानून के नियमों की केन्द्रीयता की पुष्टि करता है, यह नागरिकता की महत्ता को हमारी राष्ट्रीय पहचान में विशिष्ट रूप से दर्शाता है, और यह हमारे साथी ऑस्ट्रेलियाई लोगों का सम्मान करने की हम सभी की जिम्मेदारी को स्पष्ट करता है।

यह वक्तव्य एक ऐसी नींव है जिसपर हम अपने बहुसांस्कृतिक समाज का आगे निर्माण कर सकते हैं और स्वतंत्रता तथा समृद्धि पाने के अथक प्रयास में हम खुशी से सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों के साथ काम करने की प्रतीक्षा करते हैं।



**माननीय Christian Porter MP**

Minister for Social Services



**सीनेटर माननीय Zed Seselja**

Assistant Minister for Social Services and Multicultural Affairs

## *बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया: एकजुट, सुदृढ़, सफल*

**हमारी सांझी कहानी**

ऑस्ट्रेलिया विश्व में सबसे सफल बहुसांस्कृतिक समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, अनुभवों, आस्थाओं तथा परम्पराओं को एक साथ जोड़ता है। एक राष्ट्र के तौर पर हम अपनी उपलब्धियों के लिए 300 से अधिक अलग-अलग वंशों के योगदान के लिए उनके आभारी हैं – इन वंशो में सर्वप्रथम ऑस्ट्रेलियाई लोगों (आदिवासियों) से लेकर सबसे नए आने वाले लोग शामिल हैं।

हमारे सफल होने में हमारी सांस्कृतिक विविधता का भी योगदान है जिसे हमारी समान मान्यताएँ और स्वतंत्रता, सुरक्षा, तथा समृद्धि के प्रति हमारी वचनबद्धता मजबूत करती है।

हमारा राष्ट्र एबोरिजनल (जनजातीय) और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों की पृथ्वी पर सबसे पुरातन, जीवित संस्कृति तथा यहाँ नया जीवन शुरू करने का फैसला लेने वाले लाखों लोगों से समृद्ध है।

50,000 से अधिक वर्षों से सर्वप्रथम ऑस्ट्रेलियाई लोग (आदिवासी) इस भूमि पर रहते, सीखते, इसके अनुकूल बनते और यहाँ गुज़ारा करते आए हैं जिसे अब हम ऑस्ट्रेलिया के नाम से जानते हैं। साथ-साथ रहते हुए, इनमें पूरे महाद्वीप में 250 से अधिक भाषाई समूह या ‘राष्ट्र’ शामिल थे, तथा इनमें से प्रत्येक की संस्कृति, आस्था और उपभाषा विशिष्ट थी। इन राष्ट्रों के वंशज पृथ्वी पर सबसे पुरातन, जीवित संस्कृति को दर्शाते हैं और इनके समय व स्थान की कहानियाँ किन्हीं अन्य लोगों की याददाश्त से परे हैं।

यह कहानी ब्रिटिश और आइरिश उपनिवेश और हमारी संसदीय लोकतंत्रता, संस्थानों व कानून की स्थापना के माध्यम से आधुनिक ऑस्ट्रेलिया की नींव रखी जाने तक जारी रही है। समय के साथ-साथ, हमारी कहानी में आगे चलकर सभी महाद्वीपों से आने वाले ऐसे लोग शामिल हुए जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को अपना घर बनाया है।

आज, ऑस्ट्रेलियाई लोग उन लोगों का स्वागत करते हैं जिन्होंने हमारे स्वतंत्र और खुले समाज का हिस्सा बनने, अपना जीवन बनाने और हमारे देश में योगदान देने के लिए यहाँ प्रवास किया है।

समय के साथ-साथ, इस प्रकार कई लोगों के एकजुट होने से हमारी मूलभूत-सुविधाओं का निर्माण करने, हमारे समुदायों को उत्साहपूर्ण बनाने, हमारे सांस्कृतिक अनुभवों को आगे बढ़ाने, हमारे अवसरों को बढ़ाने और सबसे महत्वपूर्ण तौर पर विश्व के प्रति हमारे नजरिए और संबंधों का विस्तार करने में मदद मिली है।

राष्ट्रीयता पर ध्यान दिए बिना, सरकार, समुदाय और व्यक्ति - के बीच पारस्परिक दायित्वों का निर्माण करने से हमारी प्रतिरोधक्षमता और अपनेपन की भावना मजबूत होती है।

हमारी सांझी मान्यताओं, अधिकारों व जिम्मेदारियों के साथ हमने मिलकर वर्तमान समय के आधुनिक और समृद्ध ऑस्ट्रेलिया का निर्माण किया है।

**सांझी मान्यताएँ**

हमारी मान्यताएँ हमें एकजुट करती हैं और हमारे बीच सामाजिक बंधनों का निर्माण करती हैं। वे हमारे समाज के लिए नींव और एक सांझा भविष्य प्रदान करती हैं जिसमें हर कोई अपनापन महसूस करता है। हमारी मान्यताएँ निम्नलिखित पर आधारित हैं:

***सम्मान***

हम कानून के नियम और ऑस्ट्रेलिया के प्रति राजनिष्ठा का सम्मान करते हैं और इसके लिए वचनबद्ध हैं।

हम सभी व्यक्तियों की स्वतंत्रता और गरिमा का सम्मान करते हैं।

हम अपनी विविधता का सम्मान करते हैं और पारस्परिक सम्मान, समावेश, निष्पक्षता और सहानुभूति को अपनाते हैं।

***समानता***

हम पुरूषों और महिलाओं की समानता का समर्थन करते हैं।

हम कानून के समक्ष समानता में विश्वास करते हैं।

हम सभी के लिए अवसर की समानता में विश्वास करते हैं।

***स्वतंत्रता***

स्वतंत्रता के प्रति हमारी वचनबद्धता मूलभूत है।

हम विचार, बोलने, धर्म, उद्यम, और संघ की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं।

हम संसदीय लोकतन्त्र के प्रति वचनबद्ध हैं।

हम अपने नागरिक संबंधी कर्तव्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी लेते हैं।

हमारी मान्यताओं का को कमज़ोर बनाने वाले अभ्यासों तथा आचरणों का ऑस्ट्रेलिया में कोई स्थान नहीं है।

हम सभी को अपने देश की आर्थिक सफलता, सांस्कृतिक व धार्मिक स्वतंत्रता, और विविधता से लाभ मिलता है। हमारी समान मान्यताओं के प्रति सुदृढ़ वचनबद्धता को बनाए रखना ऑस्ट्रेलियाई लोगों के सर्वश्रेष्ठ हित में है।

**सांझे अधिकर और सांझी जिम्मेदारियाँ**

हम पारस्परिक सम्मान और पारस्परिक जिम्मेदारी को मान्यता देते हैं। एक बहुसांस्कृतिक समाज के तौर पर हमारी सफलता उन अधिकारों व जिम्मेदारियों में संतुलन पर आधारित है जो एक ऐसी स्थिर,

प्रतिरोधक्षमतापूर्ण और सुसंगत समाज को सुनिश्चित करती है जहाँ हम हर किसी को अपनी समृद्धि में योगदान देने और इससे लाभ लेने का अवसर देने का प्रयास करते हैं।

हमारा समाज एक उदार-लोकतांत्रिक परंपरा पर आधारित है जिसमें हर किसी के बुनियादी अधिकार अनुल्लंघनीय हैं।

नागरिकता एक विशेषाधिकार है और, ऑस्ट्रेलियन सिटीजनशिप सेरेमनी (ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता समारोह) के अंश स्वरूप, नए नागरिक *'ऑस्ट्रेलिया और इसके लोगों के प्रति वफादारी, इसके लोकतांत्रिक आस्थाओं को सांझा करने, इसके अधिकारों व स्वतंत्रताओं का सम्मान करने, और इसके कानूनों का समर्थन और पालन करने'* की प्रतिज्ञा और पुष्टि करते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई लोग उचित रूप से यह उम्मीद करते हैं कि हमारे देश में जो कोई भी रहता/रहती है, चाहे वह ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है या नहीं, ऑस्ट्रेलियाई कानूनों का पालन करता/करती है, हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का समर्थन करता/करती है, और सभी लोगों के साथ सम्मान और गरिमा से बर्ताव करता/करती है।

## सुरक्षित और महफ़ूज ऑस्ट्रेलिया

विविध और सुसंगत ऑस्ट्रेलिया के पीछे हमारे देश की सुरक्षा को मज़बूत करने का लक्ष्य है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों की सुरक्षा और बचाव को सबसे अधिक प्राथमिकता देती है। विश्व भर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले तर्कसंगत कारणों से ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में चिंता पैदा करते हैं।

इन धमकियों के जवाब में सरकार, आतंकवाद-विरोधी क्रिया-कलापों, मजबूत सरहदों, और सुदृढ़ राष्ट्रीय सुरक्षा पर निवेश करना जारी रखती है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि ऑस्ट्रेलिया एक खुला, समावेशी, स्वतंत्र, और सुरक्षित समाज बना रहता है।

परन्तु इन धमकियों के बावजूद भी हम अपनी सांझी मान्यताओं और राष्ट्रीय एकजुटता से समझौता नहीं करते हैं। सरकार इस बात की पुष्टि करती है कि हमें एकजुट करने वाली बातों पर ध्यान केन्द्रित करके और पारस्परिक सम्मान से अपने अंतरों को संबोधित करके हम ऑस्ट्रेलियाई समुदाय की सुरक्षा को श्रेष्ठ तरीके से सुदृढ़ बनाएँ।

## भविष्य के लिए सांझा लक्ष्य

ऑस्ट्रेलिया हमारे देश और हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों व मान्यताओं के प्रति एक सांझी वचनबद्धता द्वारा एकजुट है। हम सभी को एक दूसरे को स्वीकार करने और समझने का प्रचार करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि हमारे समाज का सुरक्षित, संसक्त, और सुसंगत बना रहना जारी रहे।

इस वक्तव्य में, सरकार पारस्परिक सम्मान के सिद्धांत का प्रसार करना जारी रखती है और जातीय घृणा और भेदभाव की निंदा करते हुए इन्हें ऑस्ट्रेलियाई समाज के लिए अनुचित बताती है।

यह अन्य सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों को पूर्ण करता है, जो कई सामुदायिक और स्वयंसेवी गतिविधियों के साथ, हमारी एकजुटता को प्रेरित करते हैं, इनका समर्थन करते हैं और इन्हें सुस्थिर बनाए रखते हैं। उदाहरणत:

- वयस्क प्रवासी अंग्रेज़ी कार्यक्रम (Adult Migrant English Program) पात्र प्रवासियों और मानवीय प्रवेशकों की बुनियादी अंग्रेज़ी भाषा और बसने की योग्यताएँ सीखने में सहायता देता है ताकि वे ऑस्ट्रेलियाई समाज में सामाजिक और आर्थिक रूप से भाग ले सकें।

- सरकार की बहुसांस्कृतिक अभिगम्यता और निष्पक्षता नीति यह सुनिश्चित करती है कि कार्यक्रम और सेवाएँ सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों की ज़रूरतों को पूरा करें, चाहे वे किसी भी सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि से सम्बन्धित हों।

- नागरिक बनने के विभिन्न मार्ग (पाथवेज़ टू सिटीज़नशिप) नए प्रवासियों को नागरिक समाज में पूर्ण और सक्रिय भागीदार बनने का अवसर देते हैं।

- सरकार रेडियो, प्रिंट, ऑनलाइन और टेलीविज़न के माध्यम से सुदृढ़ और विविध बहुसांस्कृतिक मीडिया का समर्थन करती है।

- सद्भाव दिवस (Harmony Day) की स्थापना 1999 में की गई थी और अब हर साल हजारों ऑस्ट्रेलियाई लोग इसका जश्न मनाते हैं, तथा हर किसी के लिए समग्रता, सम्मान और अपनेपन का संदेश फैलाते हैं।

- ऑस्ट्रेलियाई बहुसांस्कृतिक परिषद (ऑस्ट्रेलियन मल्टीकल्चरल काउंसिल) मुख्य सलाहकारी निकास के तौर पर काम करती है और सरकार को ठोस व स्वतंत्र सलाह प्रदान करती है।

ऑस्ट्रेलियाई लोग हमारी एकता और समृद्धि को गंभीरता से लेते हैं। मिलकर – व्यक्तियों, समूहों और सरकार के सभी स्तरों के तौर पर – हम अधिक मजबूत, अधिक संसक्त और समृद्ध समुदायों का निर्माण करना जारी रखेंगे, जिसका मार्गदर्शन हमारी सांझी मान्यताएँ और निम्नलिखित कार्यनीतिक निर्देश करेंगे।

## नए आने वाले लोगों की आर्थिक और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना

ऑस्ट्रेलिया के सामाजिक और आर्थिक निर्माण में प्रवासियों के योगदान का समृद्ध इतिहास है। यह आज भी जारी है जहाँ हमारा समावेशी बहुसांस्कृतिक समाज नए प्रवासियों को हमारे देश की सफलता में योगदान देने के अवसर प्रदान करता है।

समुदायों, स्कूलों, लाभ-निरपेक्ष संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, नियोक्ताओं और सरकारों के सम्मिलित प्रयास लोगों को ऑस्ट्रेलियाई समाज में सकारात्मक रूप से योगदान देने के अवसर प्रदान कर रहे हैं।

जो लोग ऑस्ट्रेलिया प्रवास करने आते हैं, वे एक दूसरे से नए अवसरों या बेहतर जीवन की तलाश के अनुभव बाँटते हैं।

साथ ही, नए प्रवासियों और उनके परिवारों का आर्थिक और सामाजिक एकीकरण उनके भविष्य के लिए अहम है। अपने नए घर से जुड़ा महसूस करना और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय का भाग बनना महत्ता और अपनेपन की भावना का निर्माण करता है।

सरकार बसने का ढांचा प्रदान करती है, जिसे व्यापक रूप से नए प्रवासियों को ऑस्ट्रेलियाई जीवन में एकीकृत होने में मदद देने के लिए तैयार की गई बेहतरीन कार्यप्रणाली माना जाता है। बसने का कार्यक्रम प्रवासियों को आत्म-निर्भर और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के सक्रिय सदस्य बनने में सहायता करते हैं।

कुछ नए आगंतुकों, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया के रिफ्यूज़ी (शरणार्थी) और मानवीय कार्यक्रम के माध्यम से आने वाले नए लोगों, को विशेषज्ञ सहायता से लाभ मिलता है। इसमें अंग्रेज़ी सीखने और ज़रूरी शिक्षा या रोज़गार योग्यताएँ हासिल करने में मदद शामिल है। सरकार मानवीय प्रवेशकों, विशेषकर उनके ऑस्ट्रेलिया आने के बाद के पहले पांच वर्षों के दौरान, की मदद करने के लिए वचनबद्ध है ताकि वे एक बेहतर जीवन का निर्माण कर सकें और समाज में पूरा योगदान देने वाले आत्म-निर्भर सदस्य बन सकें। ऑस्ट्रेलियाई सरकार वर्तमान में बसने की सेवाओं में सुधार कर रही है ताकि मानवीय प्रवेशकों के लिए अंग्रेज़ी भाषा, शिक्षा और रोज़गार के बेहतर परिणाम प्रदान किए जा सकें।

## हमारी विविधता और सांझे राष्ट्रीय हित के लाभों को काम में लाना

अंग्रेज़ी हमारी राष्ट्रीय भाषा है और बनी रहेगी और यह प्रवासी एकीकरण के लिए एक अहम साधन है। साथ ही, हमारा बहुभाषी कार्यबल व्यापारिक सीमाओं का विस्तार कर रहा है और बढ़ती वैश्विक आर्थिकता में ऑस्ट्रेलिया की प्रतिस्पर्धात्मक सीमा को बढ़ा रहा है।

हमारी सांस्कृतिक विविधता हमारी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है – यह नवप्रवर्तनशीलता, रचनात्मकता और जीवन-शक्ति की चिंगारी को सजीव रखती है। हमारी अर्थ-व्यवस्ता हमारे विविध कार्यबल की योग्यताओं, ज्ञान, भाषाई क्षमताओं, संपर्कों और रचनात्मकता द्वारा मजबूत की जाती है। हमारी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यस्तता के लिए अवसरों की पहचान करने और इन्हें हासिल करने की हमारी क्षमता के माध्यम से बढ़ौतरी होती है।

इसमें कई अस्थायी प्रवासियों की प्रतिभा शामिल है जो यहाँ अपनी उपस्थिति के दौरान ऑस्ट्रेलिया की आर्थिकता और इसके समाज में योगदान देते हैं। इनमें से कई ऑस्ट्रेलिया में स्थायी तौर पर बस जाते हैं, जबकि अन्य अपने स्वदेश लौट जाते हैं या किसी अन्य देश स्थानांतरण कर लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विदेश में हमारे सांस्कृतिक, व्यापारिक और आर्थिक अवसर अधिक मजबूत होते हैं।

सरकार, व्यापार और उद्योग ये सभी हमारे विविध कार्यबल के लाभों का प्रसार करने और इनका अधिकतम लाभ उठाने में भूमिका निभाते हैं।

## सुसंगत और सामाजिक तौर पर एकजुट समुदायों का निर्माण करना जारी रखना

हमारी सांझी ऑस्ट्रेलियाई मान्यताएँ हमारी आर्थिक समृद्धि तथा साथ ही हमारे सामाजिक तौर पर एकजुट समाज की आधारशिला हैं।

हमारी सांस्कृतिक विरासत को सांझा करना इस बात का उत्सव मनाने का अंश है कि ऑस्ट्रेलियाई होने का क्या अर्थ है और साथ ही यह हर किसी की यह मदद करने का भी भाग है कि वह हमारे समाज का हिस्सा हैं। समुदाय में एकता राष्ट्रीय एकजुटता का निर्माण करती है। समान अनुभव सांझे एतिहास का निर्माण करते हैं और सांझे भविष्य को आकार देते हैं।

इसके विपरीत, जातीयता और भेदभाव हमारे समाज को कमज़ोर बनाते हैं। हम जातीय घृणा को उकसाने वाले लोगों की निंदा करते हैं।

समुदायों के बीच तनाव की संभावना को कम करने और एकजुटता तथा सामंजस्य को मजबूत करने के लिए अंतर-धार्मिक और अंतर-सांस्कृतिक बातचीत महत्वपूर्ण है। ऐसी बातचीत पक्षपात को कम करने, पार-सांस्कृतिक (क्रास-कल्चरल) समझबूझ का प्रसार करने, भिन्न-भिन्न संजातीय और धार्मिक समूहों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने, और अपनेपन की भावना तथा विश्वास को बढ़ाने में मदद करती है।

चाहे आप किसी भी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से सम्बन्धित हों, आपका जन्म स्थान या धर्म कोई भी हो, ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हर व्यक्ति या ऑस्ट्रेलिया आने वाले हर व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह एक दूसरे से जुड़ें और एक दूसरे को समझने की कोशिश करें, और जातीयता (रेसिज़्म) या हिंसात्मक अतिवाद के किसी भी रूप को अस्वीकार करें।

**निष्कर्ष**

एक के बाद एक ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने बहुसांस्कृतिक ऑस्ट्रेलिया के प्रति दृढ़ वचनबद्धता की स्थापना की है। इस नए वक्तव्य के साथ सरकार की वचनबद्धता का नवीनीकरण करना और इसकी पुष्टि करने का यह ठीक समय है: उन मान्यताओं और जिम्मेदारियों पर एक स्पष्ट संदेश जो हमारे समाज को मजबूत करती हैं, हमारे राष्ट्रीय हित का समर्थन करती हैं और इस बात का मार्गदर्शन करती हैं कि हम चुनौतियों पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। यह एक सुदृढ़ और सफल बहुसांस्कृतिक देश के तौर पर हमारे भविष्य के लक्ष्य को प्रस्तुत करता है, जो ऑस्ट्रेलिया के प्रति हमारी राजनिष्ठा से एकजुट है और स्वतंत्रता तथा समृद्धि के प्रति वचनबद्ध है।